हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें

11 मुख्यमंत्री के समक्ष अभनपुर क्षेत्र के सात सौ कांग्रेसी...




## खबर संक्षेप



### मितानिनों ने दिव्यांगजनों को बूथ तक लाने किया सहयोग

**मैनपुर।** विकासखण्ड क्षेत्र में आज मतदान के दौरान मितानिन द्वारा बूथ तक दिव्यांगजनों को लाने में सहयोग किया गया। ग्राम पंचायत भाटीगढ़ में मितानिनों द्वारा एक दिव्यांग व्यक्ति को मतदान केंद्र में लाया गया।इस मौके पर मितानिन प्रशिक्षण धनवती धुरव, स्वास्थ्य पंचायत समिति पार्वती नागेश,सुमित नेगी, सावित्री साहू,पुष्पा नेगी ,मीना बाई , मीरा नेगी एवं हेल्थ विकास विभाग से गोरी चौहान ,सुचित्र आदि उपस्थित थे।

### बारात आने से पहले दुल्हन ने डाला वोट



**रसेला।** 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र का महाकुंभ चुनावी पर्व में अपना वोट डालने बारात आने से पहले दूल्हन मतदान करने मतदान केंद्र पहुंची। लोकसभा चुनाव के प्रति लोगों में किए जा रहे जागरूकता का असर इस चुनाव में स्पष्ट देखने को मिला। जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, भाजपा छुरा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव क्षेत्र आकर बरात आने से पहले दुल्हीन को अपने मत देने के लिए प्रेरित कर मतदान केंद्र तक लाया गया।

### दुल्हन लाने से पहले किया मतदान



**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोकसभा में दूसरे चरण का मतदान करने पहुंच रहे मतदाताओं में काफी खुशी देखी गई। इसके साथ ही अलग-अलग नजारा भी देखने को मिल रहा है। चुनाव के दौरान महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में आने वाले ग्राम सिर्रीखुर्द में आम मतदाताओं के साथ एक नही बल्कि दो - दो दूल्हे भी मतदान करने पहुंचे। जिसमें का एक दूल्हा भारतीय सेना के जवान है। वह अरुणाचल प्रदेश में सीमा सशस्त्र बल में पदस्थ है। उन्होंने कहा कि, पहले मतदान फिर सारे काम। अपने बारात से पहले ही दोनों दुल्हे ने मतदान किया। ग्राम सिर्री खुर्द में कुछ और ही नजारा देखने को मिला जहां पर एक नहीं दो- दो दूल्हे पहले मतदान फिर दूसरे काम की बात करते हुए मतदान करने पहुंचे। अपनी बारात जाने से पहले दूल्हे ने मतदान किया फिर बारात के साथ दूल्हनियां लेने कार से रवाना हुए और कहा कि, सबसे पहले मतदान किया। इसी तरह बेलर बुथ में भीखम सिन्हा ने दूल्हा के गेटप में अपने मताधिकार का उपयोग किया।

### स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मतदान से हुए वंचित

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के स्वास्थ्य विभाग 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान करने से वंचित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई गई हैं जो अपना वोट मत पत्र के माध्यम से डाला। कलेक्टर ने निदेश दिया था कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी मतदान के समय ड्यूटी देंगे। स्वास्थ्य विभाग के ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारी अपना मतदान नहीं कर पाए, जिससे उन्हें पछतावा हो रहा है।

## लोकसभा चुनाव : आदर्श व संगवारी मतदान केंद्रों का रहा आकर्षण

# जिले में मतदान के लिए लोगों में दिखा गजब का उत्साह, नए मतदाताओं, नवविवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता से डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान करने हेतु मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र के बाहर सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह रहा। मतदान केन्द्रों में सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी थी। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। प्रशासन द्वारा विकसित की गई सुविधाओं के चलते मतदान के लिए बुजुर्गों में भी जोश और जुनून दिखा। मतदाता मित्र, दिव्यांग रथ सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से सभी मतदाता लाभान्वित हुए। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु विशेष अभियान चलाये गये थे। जिसके परिणाम स्वरूप मतदाताओं में मतदान करने हेतु विशेष उत्साह दिखाई दिया।

- मतदाता मित्र दिव्यांग रथ सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से मतदाता हुए लाभान्वित

**दूल्हे राजा ने मतदान पश्चात ही बारात के लिए किया प्रस्थान-** जिले के पांडुका निवासी सूर्यहास साहू दूल्हे के रूप में वैवाहिक परिधान में सज-धज कर बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात उनका बारात ग्राम केन्द्री के लिए प्रस्थान किया। इसी प्रकार ग्राम बेलर के मतदान केन्द्र क्रमांक 161 के मतदान केंद्र में हल्दी में रंगे वर भीखम सिन्हा, ग्राम खुटेरी के प्रशांत साहू और ग्राम लोहरसी के श्री लीलाराम ⏭शेष पेज 10 पर

### मतदान के लिए बुजुर्गों में भी दिखा जोश और जुनून





### आदर्श मतदान केन्द्र बना आकर्षण का केन्द्र

जिले के मतदाताओं को प्रोत्साहित करने जिले में स्थानीय सभ्यता, संस्कृति एवं प्राचीन धरोहरों से परिपूर्ण विशेष थीम पर आधारित 15 आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये थे। विशेष साज-सज्जा और रंग रोगन से सुसज्जित आदर्श मतदान केन्द्रों की ओर मतदाता उत्साहित होकर मतदान करने के लिए पहुंचे। इसके तहत गरियाबंद के सिविल लाइन किसानपारा मतदान केन्द्र को गरियाबंद के पर्यटन स्थल चिंगरापगार की थीम पर सजाया गया था। सढ़ौली मतदान केन्द्र को बिन्द्रानवागढ़ रियासत आदिवासियों के राजा कचना धुरवा के थीम पर सजाया गया था। इसी प्रकार जिले के कुल 15 आदर्श मतदान केन्द्रों को इको फ्रेंडली थीम, महिला मित्र बूथ फ्रेंडली, वनोत्पाद के थीम, उंदती अभ्यारण्य के थीम, मैनपुर के जलप्रपात एवं मटका आधारित थीम से सजाया गया था। इन मतदान केन्द्रों को आकर्षक रंग रोगन और सजावटी समानों से संवारा गया था, जो देखने में आकर्षक और मतदाताओं को वोट डालने के लिए बेहतर और खुशनुमा माहौल प्रदान किया। इन केन्द्रों में सेल्फी जोन भी बनाया गया था। मतदाता वोट डालने के पश्चात सेल्फी भी ली।



### मतदान करने में विशेष पिछड़ी जनजाति के सदस्य भी नहीं रहे पीछे

लोकतंत्र के महापर्व में जिले के दूरस्थ इलाकों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों ने भी बढ़चढकर मतदान में सहभागिता सुनिश्चित की। युवाओं सहित बुजुर्गों एवं शिशुवती माताओं ने भी उत्साहित होकर मतदान किया। छोटे बच्चों को गोद में लिए हुए माताओं ने अपने मताधिकार का सहर्ष उपयोग किया। कुल्हाड़ीघाट सहित आमामोरा एवं ओढ़ जैसे क्षेत्रों में भी सुबह से मतदान करने के लिए जनजाति सदस्य उत्साहित नजर आए।



### कलेक्टर ने किया मतदान

गरियाबंद। लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज महासमुंद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत होने वाले गरियाबंद जिले में भी मतदान हो रहा है। आज सुबह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने गरियाबंद स्थित सिविल लाइन के मतदान केंद्र क्रमांक - 271, शासकीय प्राथमिक शाला किसानपारा के आदर्श मतदान केंद्र में पहुंचकर कतार में लगकर अपने बारी का इंतजार करते हुए मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से आज अवश्य मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की। इस दौरान एसडीएम विशाल महाराणा सहित अन्य अधिकारियां और नागरिकों ने लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होकर मतदान किया। मतदान करने के बाद कलेक्टर दीपक अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती यादव ने सेल्फी पांईट में पहुँचकर सेल्फी भी लिया। कलेक्टर ने चिंगरा पगार के थीम पर बने आदर्श मतदान केन्द्र का अवलोकन किया। वहां पर मतदाताओं के लिए की गई बैठक व्यवस्था के लिए आकर्षक छायादार झोपड़ी, बांस से निर्मित कुर्सी टेबल, दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, सहायता केन्द्र, शिशुवती माताओं के लिए फिडिंग जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए रखे गए खिलौंने एवं मतदाताओं के लिए पेयजल व्यवस्थाओं सहित मतदान केन्द्र को छिंद के पत्तों से भी सजाया गया था, जिसका अवलोकन कर आदर्श संगवारी मतदान केन्द्र में किए गए व्यवस्थाओं की सराहना की।

### भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांतिपूर्ण हुआ चुनाव



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ, देर शाम समाचार लिखे जाने पर अधिकांश पोलिंग पार्टिया सुरक्षित पहुच चुकी हैं। और गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए लगातार क्षेत्र के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले एक पखवाडे से सर्चिंग किया जा रहा था और तो और पिछले एक सप्ताह से भारी पुलिसबल क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में तैनात किये जा चुके थे। पिछले तीन दिनों से पूरा क्षेत्र एक तरह से पुलिस के सुरक्षा बेड़ा में तब्दील हो गया था। हर आने जाने वाले लोगों पर पुलिस की विशेष निगाह थी। नेशनल हाईवे किनारे से लेकर पहाड़ो और घने जंगलों में पुलिस के जवान लगातार सर्चिंग कर रही थी। पुलिस प्रशासन लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहा जिसके चलते आज लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ । बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के कई इलाका काफी संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। इन इलाको में जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के तगडे इंतजाम किये गये थे। पिछले एक सप्ताह से पुलिस के विभिन्न पार्टियो द्वारा बकायदा जंगलों और पहाड़ों और ग्रामीण क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी था। पिछले चार पांच दिनो से मैनपुर विकासखण्ड के काफी संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी जो हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। भारी पुलिस सुरक्षा के बीच आज मतदान हुआ और देर शाम रात तक सभी पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित गरियाबंद पहुचाये जाने की जानकारी मिली है।

**ड्रोन से भी लगातार किया जा रहा था निगरानी-** इस बार चुनाव में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे, जहां एक ओर नेशनल हाईवे किनारे से लेकर पहाड़ों और जंगलो के चप्पे चप्पे पर पुलिस जवान और अर्ध सैनिक बल नजर आ रहा था। वही ड्रोन कैमरा से सतत निगरानी की जा रही थी।

## मतदान पर्व के प्रति लोगों में दिखा उत्साह






छुरा। भीषण गर्मी और शादी व्याह के सीजन ने भी लोगों के उत्साह के सामने हार मान ली। लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगों ने जागरूक समाज की यही पहचान शत प्रतिशत हो मतदान के नारे को चरितार्थ करते हुए परिवार सहित बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग भी तरह-तरह के प्रयास कर रहा है। जिसके तहत मतदान केन्द्र में पेयजल, उठने बैठने की व्यवस्था और सेल्फी पाइंट जैसी सुविधा के साथ ही जोन को आकर्षक रूप दिया गया है। जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक साफ नजर आ रही है, एक अच्छी बात यह भी है कि इन व्यवस्थाओं के लिए महिला समूहों की महिलाओं ने आगे आकर सहयोग दिया है । लोकसभा निर्वाचन में नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए बूथ प्रभारी से लेकर बड़े छोटे सभी अधिकारी कर्मचारी लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए कमर कसे हुए हैं ।

### बिन्द्रानवागढ़ विधायक ने परिवार के साथ गृह ग्राम नाहनबिरी में किया मतदान



**मैनपुर।** लोकसभा चुनाव में बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने शुक्रवार को अपने गृह ग्राम नाहनबिरी में पत्नी वर्षा ध्रुव, दोनों पुत्र के साथ पहुंचकर मतदान किया। मतदान के बाद विधायक देवभोग क्षेत्र के प्रवास पर चले गए।

### परिवार के साथ किया मतदान

**मुड़ागांव (कोरासी)।** मतदान एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक क्रिया है। जिसके माध्यम से नागरिक अपने मत का प्रयोग और सरकार का नेतृत्व करने का अधिकार प्राप्त करते हैं। आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव ने सह परिवार किया मतदान।



### पहले मतदान, फिर शादी संस्कार

**छुरा।** लोकसभा चुनाव में सभी लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। आज कई लोगों के शादी है। लोगों ने लोकसभा चुनाव को प्राथमिकता देते हुए पहले मतदान किया, फिर शादी के संस्कारों में भाग लिया। ग्राम कसही बाहरा के युवा टिकेश्वर प्रसाद वर्मा ने बारात स्थान के पहले अपना मतदान प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में किया। उन्होंने कहा कि देश के लिए मतदान आवश्यक है और राष्ट्रवाद और देशभक्ति की वजह से सबसे पहले मतदान किया। उसके बाद बारात प्रस्थान कर पाणिग्रहण एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा, उन्होंने बताया यहां से लगभग 150 किलोमीटर दूर देवसुंधरा में बारात प्रस्थान करेगी, किंतु बारात के पूर्व उन्होंने मतदान को अपना जिम्मेदारी समझते हुए पहले मतदान किया। सरपंच पुनारद ठाकुर, कौशल ठाकुर ने मतदान केंद्र में उनका पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया ।



## बुजुर्ग मतदाताओं को ट्राइसिकल, व्हीलचेयर की दी गई सुविधा

# बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में सुबह से लगी रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण में आज गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के अंतिसंवेदनशील 9 मतदान केन्द्र में सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान हुआ। बाकी सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करने भारी उत्साह देखने को मिला। सभी मतदान केन्द्रों में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के दूरस्थ वनांचलों में भी मतदान को



लेकर नया मतदाताओं से लेकर उम्र दराज मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। इस बार दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीचेयर के साथ ही दिव्यांग रथ की भी व्यवस्था की गई थी, जिसके कारण काफी सुविधा मिली सभी



मतदान केन्द्रों में छाया, पानी, एंव बैठने की व्यवस्था की माकूल इंतजाम किये गये थे। गर्मी को देखते हुए कई मतदान केन्द्र में ठंडा पेयजल की भी व्यवस्था किया गया था। आज मतदान में दूरस्थ वनांचल मैनपुर क्षेत्र के



कुल्हाडीघाट, शोभा, गोबरा, आमामोरा ओंढ क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिला। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी समाज के साथ बडी ⏭शेष पेज 10 पर



### सिर्रीखुर्द में विधायक प्रतिनिधि ने किया मतदान

**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोकसभा सीट के लिए 26अप्रैल को मतदान हुआ। यहां सीधा मुकाबला भाजपा के रूपकुमारी चौधरी, कांग्रेस ताम्रध्वज साहू के बीच है। ग्राम सिर्रीखुर्द मतदान केन्द्र में विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, सरपंच टिकेश साहू सहित वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान किया।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल बैस ने किया ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रसिद्ध कवि एवं कथावाचक कुमार विश्वास के अपने-अपने राम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के ब्रोशर का विमोचन महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने अपने निवास रविनगर में बुधवार को किया। इसी दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने राज्यपाल श्री बैस को इस आयोजन के लिए न्योता भी दिया। ब्रोशर विमोचन कार्यक्रम में मनमोहन सिंह चावला, जय दुबे, लव फॉर ह्यूमैनिटी नींव के अध्यक्ष सुभाष राठी, द्वारका साहू, रायपुर होम्स के संरक्षक मनीष राज सिंघानिया, उमेश राठी, डॉ. नीता शर्मा, नरेंद्र, सुदीप श्रीवास्तव, रूबी श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### निर्वाचन सीईओ के घर पहुंचाई मतदाता पर्ची



**रायपुर।** घर-घर मतदान पर्ची वितरण के तहत जिला प्रशासन के अधिकारी गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले के निवास पहुंचे और उन्हें मतदाता पर्ची का वितरण किया।

### आयुर्वेद कॉलेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**रायपुर।** श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया। इसी दौरान छात्रों ने पोस्टर, फ्लैक्स एवं जागरूकता व्याख्यान के माध्यम से डगनिया बाजार एवं सुंदरनगर बस्ती के नागरिकों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी 7 मई को मतदान करने का संकल्प दिलाया। इस अभियान में कॉलेज की प्राध्यापक डॉ. आराधना कंडे, डॉ. कुलदीप साहू, डॉ. खरांजलि जांगड़े, डॉ. मनीष पटेल एवं डॉ. खुशबू कारटे तथा महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### डॉ. कमलेश का शदाणी दरबार में हुआ सम्मान



**रायपुर।** शदाणी दरबार में प्रथम सतगुरु संत शदाराम साहिब के जन्मोत्सव के अवसर पर संत डॉ. युधिष्ठिर लाल ने मैट्स यूनिवर्सिटी के कला एवं मानविकी अध्ययनशाला के सह प्राध्यापक और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कमलेश गोगिया को उनके उत्कृष्ट लेखन कार्य के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर इस्कॉन टेम्पल, वृंदावन के प्रसिद्ध गीता प्रवचक स्वामी सार्वभूमा महाराज ने भी सराहना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्रौढ़ों को पढ़ाने में नहीं है छात्रों की दिलचस्पी, बोनस के रूप में मिलने थे 10 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रौढ़ों को पढ़ाने में छात्रों में किसी तरह की दिलचस्पी नहीं है। साक्षरता अभियान के अंतर्गत व्यस्कों तथा बुजुर्गों को साक्षर बनाया जाता है तथा उन्हें लिखना-पढ़ना सिखाया जाता है। इसके लिए स्वयंसेवी शिक्षकों की मदद ली जाती है। शाला शिक्षकों से लेकर कोई भी व्यक्ति जो पढ़ना-लिखना जानता हो, वो स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा दे सकता है। स्कूली विद्यार्थी भी इस अभियान से जुड़ सकें और वे व्यस्कों को पढ़ाने के लिए प्रेरित हों, इसलिए बोनस अंक का प्रावधान किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने कम से कम एक व्यस्क को साक्षर किया हो, उन्हें दस अंक बोनस के रूप में दिए जाने थे। एक भी विद्यार्थी इसका हिस्सा नहीं बने। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जब इस योजना के अंतर्गत बोनस प्राप्त करने के लिए योग्य छात्रों की जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय से मांगी गई तब सूची में इस कैटेगरी के आगे संख्या अप्राप्त प्रदर्शित की गई। बाद में साक्षरता मिशन का संचालन करने वाले राज्य साक्षरता मिशन से अधिकारियों द्वारा बातचीत में यह स्पष्ट हुआ कि इसके लिए किसी भी छात्र ने आवेदन ही नहीं किया है।

### एक भी दावेदार नहीं

- माध्यमिक शिक्षा मंडल इस बार दसवीं-बारहवीं के 2 हजार 239 छात्रों को देगा बोनस अंक
- साक्षरता अभियान के लिए छात्रों को जागरूक करने शुरू की गई थी पहल



### टॉपर लिस्ट बोनस अंक के बगैर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस वर्ष भी बोनस अंक के बगैर ही टॉपर्स लिस्ट जारी की जाएगी। छात्रों की अंकसूची में इसका जिक्र होगा तथ कुल अंकों में बोनस अंक भी जोड़े जाएंगे। लेकिन मेरिट लिस्ट निकालते वक्त बोनस अंकों की गणना नहीं होगी। माशिम द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नियम में बदलाव किया गया था। इसे वर्तमान सत्र में भी जारी रखा जाएगा।

### सर्वाधिक छात्र खेल वाले

माशिम द्वारा दसवीं-बारहवीं में विभिन्न वर्गों में छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। बोनस प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सर्वाधिक संख्या खिलाड़ी छात्रों की है। 10वीं के 563 तथा 12वीं के 860 खिलाड़ी छात्रों को बोनस अंक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा दसवीं में स्काउट-गाइड के 510 तथा बारहवीं में 236 छात्र हैं, जिन्हें बोनस दिए जाएंगे। विद्याभारती के अंतर्गत 10वीं के 5 और 12वीं के 14 छात्रों को बोनस मिलेंगे। खेल एवं युवा कल्याण के अंतर्गत दसवीं के 30 और बारहवीं के 21 छात्रों को मौजूदा सत्र में बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से दोनों कक्षाओं को मिलाकर 2 हजार 239 छात्रों को बोनस अंक मंडल प्रदान करेगा।

## बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा वार्ड की सड़कों की जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

# उखड़ी सड़कों ने बढ़ाई लोगों की परेशानी निगम को मुख्य मार्ग बनाने नहीं मिला फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून में बारिश की दस्तक होते ही बिरगांव निगम के रावांभाठा, उरकुरा, अछोली और उरला वार्ड में लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है, क्योंकि सपोर्टिंग सड़कों की सुध बिरगांव निगम के जिम्मेदार नहीं ले रहे हैं। पाइप लाइन के लिए पुरानी सड़कों को खोदने से मेंटेनेंस भी बेअसर है। सीमेंटेड करने के बाद भी सड़कों का हाल-बे हाल है। फरवरी में 12 मुख्य मार्गों को बनाने के लिए 5 करोड़ के प्रस्ताव को भेजा गया, इसे अभी मंजूरी भी नहीं मिली है।

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम के 40 वार्डों में खारुन नदी जल आवर्धन योजना के तहत 104 करोड़ का प्रोजेक्ट खत्म होने की स्थिति में है। इसके कारण खोदी गई सड़कों का बुरा हाल है। ट्रांसपोर्ट नगर से रावांभाठा होते हुए निमोरा आने-जाने वाले लोगों के लिए बस्ती में बनवाई गई सड़क पाइप लाइन की भेंट चढ़ गई है। इसी तरह ईएसआईसी अस्पताल से सटी बस्तियों में भी सड़कें उखड़ी, टूटी हैं। उरकुरा में नई पानी टंकी क्षेत्र का मुख्य मार्ग बारिश में इस बार भी लोगों के लिए परेशानी की वजह बनने वाला है। नए बसाहट वाले इलाके में बुरा हाल है। वार्ड प्रतिनिधियों ने लोगों की इस परेशानी को देखते हुए कई बार सर्वे भी करवाया, लेकिन सुविधा नहीं मिलने से 3 हजार से ज्यादा परिवारों की परेशानी बारिश शुरू होने से दोगुनी होने वाली है। इसे देखते हुए सड़क व नाली बनवाने के लिए पार्षद भी दबाव बना रहे हैं।

### 12 मुख्य मार्गों का प्रोजेक्ट अटका

इधर निगम के जिम्मेदारों ने 12 मुख्य मार्गों का डामरीकरण कराने के लिए फरवरी 2024 में प्रस्ताव भेजा है, ताकि दूसरे क्रम में मुख्य मार्गों का निर्माण करवाया जा सके। अभी तक रावांभाठा, उरला, बिरगांव, सरोरा, अछोली में सड़क बनवाने के लिए शासन से बजट भी नहीं मिला है। इससे जून में शुरु होने वाली इस बारिश में लोगों को परेशानी कम होने वाली नहीं है। नई बसाहट वाली आबादी के बीच आने-जाने के लिए सड़क भी कच्ची है। मलबा डालने से अभी आवा-जाही हो रही, बारिश में गाड़ियां फंसती हैं।





### सड़कें ही नहीं, नालियां भी बेकार

बिरगांव निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि रावांभाठा, उरकुरा ,उरला और अछोली में मुख्य मार्गों को छोड़कर बस्तियों को जोड़ने वाली ज्यादातर सड़कें भी उखड़ चुकी हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को रात ही नहीं, दिन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सभी वार्डों में वनवे सड़कों का बुरा हाल है। छोटी गाड़ियों की आवाजाही बारिश के दिनों में प्रभावित होती है। प्रतिनिधियों से भी मामले में शिकायत मिल रही है। चुनाव खत्म होने के बाद मामले को लेकर जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।

### समीक्षा के बाद बता पाएंगे

अभी उन्हीं सड़कों और नालियों का निर्माण किया जा रहा, जो पहले फेज के प्रोजेक्ट में शामिल हैं। दूसरे क्रम में 12 मुख्य मार्गों को बनवाने के लिए शासन को प्रस्ताव गया है। मंजूरी के बाद प्रोसेस करेंगे। पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा के बाद ही कितना काम हुआ है, बता पाउंगा।

**- नंदलाल देवांगन,** महापौर, नगर निगम, बिरगांव

### पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा नहीं

सूत्रों ने बताया कि 2023 में 76 स्थानों पर छोटी नालियों की कनेक्टिविटी व बस्तियों में 100-200 मीटर लंबी सड़क बनाने के लिए शासन ने 7 करोड़ 47 लाख की मंजूरी दी। इससे जिम्मेदारों ने काम शुरु करवाया है। अभी तक वार्डों में कितने स्पाट पर काम पूरा हो चुका है, इसकी समीक्षा जिम्मेदारों ने नहीं की है। इससे निर्माण एजेंसियों द्वारा भी चुनावी आचार संहिता को देखते हुए निर्माण के लिए आधे मैन पावर का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। निगम के जिम्मेदार चुनाव के बाद समीक्षा बैठक करने की दलील दे रहे हैं।

अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

# भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेंगी 21 ई-बसें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भाठागांव स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल से 21 ई बसें जल्द फराटे भरेंगी। इसके लिए 2.5 एकड़ जमीन चिन्हांकित की गई है। परिवहन सचिव एस. प्रकाश और अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने गुरुवार को अंतर्राज्यीय बसस्टैंड का निरीक्षण किया। बसस्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। आम जनता को सुगम परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने राजधानी के भाठागांव स्थित बसस्टैंड से 21 ई बसें संचालित की जायेंगी। इसके लिए ढाई एकड़ जगह को चिन्हांकित किया है। परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने स्थल का अवलोकन कर नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर उन्होंने आम नागरिकों से बातचीत की और प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। परिवहन सचिव और परिवहन आयुक्त द्वय ने ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षण कार्य का भी अवलोकन किया।

# मोबाइल, शराब, विचारधारा में टकराव से टूटने की कगार पर पहुंचे परिवार को परामर्श केंद्र ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपराध रोकने में जितनी महत्वपूर्ण भूमिका पुलिस की रहती है, वही पुलिस परिवार को टूटने से बचाने का भी काम करती है। पुलिस की महिला इकाई ने परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से कई परिवारों को टूटने से बचाने का काम किया है। परिवार परामर्श केंद्र में चार माह के भीतर पांच सौ शिकायतें पहुंची हैं। उन शिकायतों में से 135 का निराकरण कर परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया है।

गौरतलब है कि एसएसपी संतोष सिंह ने पति-पत्नी से संबंधित विवाद जिसमें महिला को किसी तरह से गंभीर नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही पारिवारिक विवाद को बेहद ही संजीदगी से सुलझाने के निर्देश दिए हैं। इन्वेस्टिगेशन यूनिट्स ऑफ क्राइम अगेंस्ट वूमेन (आईएसीयूडब्लू) की एएसपी ममता देवांगन तथा उनकी टीम के दावों के मुताबिक कई मामले ऐसे होते हैं, जिसे परिवार परामर्श केंद्र में पहली ही सुनवाई में ही निपटा लिया जाता है। साथ ही संबंधितों को परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोगों का नंबर दिया जाता है, भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर मदद मांग सके।



- जनवरी से लेकर अब तक पांच सौ शिकायतों में से 135 का निराकरण
- परिवार परामर्श केंद्र में ज्यादातर शिकायतें मोबाइल में बात करने से लेकर शराब सेवन, विचारधारा में टकराव
- परिवार परामर्श केंद्र ने परिवार को टूटने से बचाने का काम किया

### परिवार को मिलाने के बाद भी संपर्क में रहते हैं

महिला अफसर के मुताबिक परिवार को टूटने से बचाने के बाद उनकी जिम्मेदारी वहीं समाप्त नहीं होती। परिवार को मिलाने के बाद महिला पुलिस की टीम तथा परिवार परामर्श केंद्र से जुड़े लोग समय-समय पर परिवार के लोगों को कॉल कर उनके हालचाल के बारे में जानकारी लेते रहते हैं। साथ ही उन्हें समय आने पर उचित सलाह के साथ मार्गदर्शन देने का काम करते हैं।

### मोबाइल, शराब से टूट रहे परिवार

महिला अफसर के मुताबिक महिला थाने में ज्यादातर मामले पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने से लेकर मोबाइल में बातचीत करने को लेकर विवाद होने की ज्यादातर शिकायतें आती हैं। ऐसे में परिवार को टूटने से बचाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र परिवार को टूटने से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करता है। इसके लिए परिवार के लोगों की दो से तीन बार काउंसिलिंग कर उन्हें मिलवाने का काम करती है। महिला अफसर के मुताबिक चरित्र शंका को लेकर पत्नी के साथ मारपीट तथा पति के चरित्र शंका को लेकर भी महिलाएं शिकायत लेकर थाने पहुंचती हैं। महिला अफसर के अनुसार विचारों के टकराव को लेकर भी शिकायतें आती हैं।

# बार लायसेंस, मुद्रांक शुल्क के 100 करोड़ रुपए बकाया

- 2017-18 का मुद्रांक शुल्क निगम को अब तक नहीं मिला, चार साल से भेज रहे रिमाइंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम को राज्य शासन से बार लायसेंस और मुद्रांक शुल्क के रूप में 100 करोड़ की राशि अब तक नहीं मिली। इसमें वर्ष 2017-18 का 45 करोड़ 44 लाख का मुद्रांक शुल्क शामिल है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक को बकाया राशि के भुगतान के लिए पत्र लिखा है। नगर निगम को शासन से 100 करोड़ बकाया राशि का भुगतान नहीं होने से निगम से संबंधित अति आवश्यक लंबित देयकों के भुगतान में दिक्कत आ रही है। सूत्रों के मुताबिक साल 2023-24 में बार लायसेंस की राशि 12 करोड़ 86 लाख रुपए नगर निगम को शासन से मिलना था जिसमें से अब तक केवल 1 करोड़ 44 लाख रुपये का भुगतान नगरीय प्रशासन संचालनालय से मिल पाया। 11 करोड़ 42 लाख रुपये का भुगतान लंबित है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिला पंजीयक कार्यालय के माध्यम से कराई गई रजिस्ट्री का 1 फीसदी राशि 52 करोड़ 65 लाख रुपये में से 6 करोड़ 16 लाख 84 हजार रुपये संचालनालय से प्राप्त हुई। जबकि 46 करोड़ से अधिक की राशि अप्राप्त है।



*5 साल से लंबित मुद्रांक शुल्क के 45 करोड़ : नगर निगम के हिस्से के मुद्रांक शुल्क की 45 करोड़ की एकमुश्त राशि नगरीय प्रशासन विभाग से रायपुर नगर निगम को अब तक नहीं मिली। वर्ष 2017-18 के वित्तीय वर्ष में हुई रजिस्ट्री का 1 प्रतिशत राशि निगम को मुद्रांक शुल्क के रूप में मिलना है, यह राशि 45 करोड़ से भी अधिक है। इसके भुगतान के लिए निगम के अधिकारियों ने पिछले 5 साल में 7 बार अलग-अलग तारीख में संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र लिखकर लंबित राशि के भुगतान की ओर ध्यान दिलाया, पर शासन स्तर पर भुगतान लंबित है।*

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग में 13 करोड़ फंसे पानी सहेजने में 50 फीसदी बेपरवाह

**रायपुर।** शहर के 50 फीसदी लोग वर्षा जल को सहेजने के मामले में गंभीर नहीं हैं। नए मकान व भवन का नक्शा पास कराते समय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने आवेदकों ने नगर निगम में निर्धारित सुरक्षा निधि जमा कराई, पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आज तक नहीं लगा पाये। इसके कारण इन आवेदकों के 13 करोड़ की राशि रेन वाटर हार्वेस्टिंग में फंसी है। पिछले 5 साल में ऐसे लोगों की संख्या 7 हजार से ज्यादा है, जबकि 2,500 निर्माणकर्ता ऐसे भी हैं, जिन्होंने निर्माण स्थल पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर अपनी सुरक्षा निधि वापस लेने में तत्परता दिखाई। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत 1,500 वर्गफीट से अधिक आकार के भवन, मकान, व्यावसायिक निर्माण में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगाना अनिवार्य है।

पेज 9 के शेष...

### जिले में मतदान....

निर्मलकर ने बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान किया। ग्राम तंवरबाहरा के दूल्हा मनोज कुमार ध्रुव ने अपने परिवार के साथ पारम्परिक वेशभूषा एवं वैवाहिक परिधानों में मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं को सबसे पहले मतदान कर अन्य कार्यों को पूरा करने की अपील की।

**दुल्हनों ने भी विवाह के रस्मों के पहले किया मत का दान -** कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में चलाए गए सघन मतदाता जागरुकता अभियान का आज सुखद परिणाम देखने को मिला। जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ-साथ वर-वधू बनने जा रहे युवक-युवतियो ने भी पहले मतदान करने के बाद शादी की शेष रस्मों को पूरा किया। इसी तरह मतदान के केंद्र चिखली की हल्दी रस्म पूरा कर मतदान करने पहुंची। इसके अलावा नवविवाहिता श्रीमती लीना कोमर्रा ने अपने ससुराल ओडिसा से मतदान करने अपने मायके ग्राम जाड़ापदर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कर अपना फर्ज निभाया।

**दिव्यांग रथ एवं अन्य सुविधाओं से मतदाता हुए लाभान्वित -** ग्राम मदनपुर के 82 वर्षीय बलराम यादव ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें केन्द्र में स्थित मतदाता मित्रों ने वोट डालने में सहायता की। इसी प्रकार जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक निःशुल्क परिवहन के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसकी मदद से ग्राम रावनसिंघी के अंजोरी राम ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों में पेयजल की भी व्यवस्था की गई थी। साथ ही धूप से बचाव के लिए छायादार शेड भी बनाये गये थे। मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केन्द्र भी बनाये गये थे। जिससे मतदाताओं को मदद मिली।

### बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा...

संख्या में क्षेत्र के लोगो ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। **अतिसंवेदनशील 9 मतदान केन्द्रों में जल्द शुरू हुआ मतदा-** अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों में प्रातः7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक हुआ। मतदानिर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 9 मतदान केन्द्र इनमें मतदान केन्द्र क्रमांक 75–कामरभौदी, 77–आमामोरा, 78–ओढ़, 90–बड़े गोबरा, 114–गौरगांव, 118–गरीबा, 120–नागेश, 121–साहेबीनकछार एवं 122–कोदोमाली के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे के बीच समपन्न हुआ क्योंकि यह मतदान केन्द्र काफी संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्रे के नाम से जाना जाता है। दूसरी ओर सीमावर्ती क्षेत्रें के मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के कडे इंतजाम किए गए थे। उड़ीसा राज्य के जिले नवरंगपुर, कालाहाण्डी व नुवापाड़ा से लगे मतदान केंद्र खुटगांव, खोकसरा, बरही, मगररोड़ा बिरीघाट, गरीबा, कैटपदर व इंदागांव इत्यादि मतदान केन्द्रों में विशेष निगरानी रखी गई।

# मोदी बोले- रॉकेट की गति से चल रही है विष्णु सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से "विष्णु के सुशासन की सरकार" के लिए उत्साहवर्धक साबित होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सीएम विष्णुदेव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाई विष्णुजी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं।

### सांय सांय लिए फैसले

स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विष्णु की सरकार के कामकाज से पूरी तरह संतुष्ट हैं, उन्होंने सार्वजनिक रूप से जनता के बीच सकारात्मक समीक्षा कर यह साफ कर दिया। यह भी सही है कि महज सौ दिन की सरकार ने छत्तीसगढ़ मे जिस तरह से 'सांय सांय' फैसले लिए हैं, उससे विष्णुदेव साय की छवि 'कामकाजी मुख्यमंत्री' के रूप मे निखरकर आई है। पूत के पांव पालने में कहावत की तर्ज पर विष्णु सरकार ने जो बेहतरीन आगाज किया है, उसका अंजाम छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता के लिए बेहद सुकून भरा होगा।

# अहाता के लिए थोक में आवेदन, ऑनलाइन की तारीख खत्म, आवंटन चुनाव के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने राज्य में अहाता पॉलिसी लागू की है। इसके तहत शराब दुकानों के पास अहाता खोलने के लिए विभाग ने ऑनलाइन आवेदन मंगाए थे। इसके लिए लोगों ने भी थोक में आवेदन किए हैं।

आवेदन करने की गुरुवार को अंतिम तारीख थी, वहीं अहाता का आबंटन 25 अप्रैल को किया जाना था, लेकिन आचार संहिता के कारण अहाता की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार अहाता का आबंटन अब लोकसभा चुनाव के अंतिम व तीसरे चरण का मतदान खत्म होने के बाद किया जाएगा। इसके लिए 10 मई की तारीख तय की किए जाने की भी जानकारी है। विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि चुनाव के कारण आबंटन की तारीख आगे बढ़ाई जा रही है। हालांकि तारीख सिर्फ आबंटन के लिए बढ़ाई जा रही है या फिर बढ़ी हुई तारीख तक आवेदन भी किए जा सकते हैं, इस संबंध में अधिकारी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। राज्य सरकार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लेकर आई है। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड ने टेंडर निकाला है, जिसके लिए 8 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए थे। टेंडर के अनुसार सभी जिलों में कौन-कौन सी शराब दुकानों के पास अहाते खोले जाने हैं, इसकी सूची ऑनलाइन साफ्टवेयर में डाल दी गई है। सूची के अनुसार सभी अहातों की बोली रेट भी तय किया गया है। इस बोली के अनुसार ही लोगों ने आवेदन किए हैं।

### रायपुर जिले में 56 अहाता के लिए बोली

विभागीय सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले में अहाता के लिए 56 शराब दुकानों का चयन किया गया है। इन दुकानों के लिए ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं, लेकिन कुल कितने आवेदन आए हैं, इसकी जानकारी विभाग के अधिकारी भी नहीं दे पा रहे है। उनका कहना है कि आबंटन के दिन ही कुल कितने आवेदन आये हैं, इसका पता चल पाएगा।

*जिसकी बोली ज्यादा उसे मिलेगा ठेका : आबकारी विभाग के नियम के अनुसार आवेदन करने वालों में जिसकी बोली ज्यादा होगी, उसे ही अहाता का ठेका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार हर अहाता की सरकारी बोली वहां की शराब दुकान की हर दिन की शराब बिक्री को देखते हुए तय की गई है। सरकारी बोली के अनुसार आवेदन करने वालों ने भी उससे ज्यादा बोली लगाकर आवेदन किए हैं। इस तरह जिसके आवेदन में बोली ज्यादा होगी अहाता का ठेका भी उसे ही मिलेगा।*

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो ने बाइक रैली के साथ किया सीएम का स्वागत

**नवापारा-राजिम।** पिपरौद आगमन पर सीएम विष्णुदेव साय का फूलमालाओं से ऐतिहासिक स्वागत हुआ। भाजयुमो द्वारा नेशनल हाईवे 130 से बाइक रैली के साथ स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया। रैली का नेतृत्व भाजयुमो अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, मुकुंद मेश्राम, संजय साहू कर रहे थे, जिसमें सैकड़ों युवा शामिल थे।

### ग्रामीण मतदाताओं को रसना पेय का वितरण



**अभनपुर।** रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद अभनपुर राजेन्द्र पाण्डेय द्वारा शुक्रवार सप्ताहिक बाजार ग्राम पंचायत चण्डी ग्रामीणो एवं राहगीरो को मतदाता रसना पेय वितरण किया गया। इस अवसर पर मतदाताओ को मतदान संबंधित विभिन्न जागरूकता स्लोगन व नारे लगवाने के साथ ही रायपुर लोकसभा मे 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर मतदाताओं शत प्रतिशत वोट करने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे रसना पात्र (मटका) में बनाई गई चुनई चिरई की आकृति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।सीईओ जनपद श्री पाण्डेय ने मतदाओ को चुनाव संबंधित विभिन्न स्लोगन कचुनाव प्रलोभन मे ना आकर स्वतंत्र रूप से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा का सम्मान करते मतदान करने की अपील की । इस दौरान पीओ मनरेंगा दयानंद देवांगन,हेमन्त भारद्वाज ,लुकेश बारले, सुभाष मिंज, सूर्यकांत ठाकुर, पंचायत के जनप्रतिनिधिगण सचिव, रोजगार सहायक व स्व सहायता समूह (बिहान) की महिलायें सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### महासमुंद लोकसभा 2 लाख से अधिक मतों से जीतेंगे

**छुरा।** भाजपा नेता चंद्रशेखर शुक्ला ने महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी को 2 लाख से अधिक मतों से जीतने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों लगातार



धमतरी ,गरियाबंद, महासमुंद जिला के विभिन्न गांवों तक पहुंचा और लोगों से चर्चा करने पर पता चला कि सभी जगह एक तरफ़ा मोदी की गारंटी पर लोगों ने विश्वास जताया है। सभी ने इस पर मोहर लगाई है। साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 3 माह के कार्यकाल पर लोगों ने विश्वास करते हुए सभी घोषणाओं का क्रियान्वयन होने से लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसी का परिणाम है कि लोगों ने अधिक से अधिक बढ़कर मतदान किया है। लगभग 60 -70% मतदान यह बताता है कि लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 के नारा पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने अपने मोहर लगा दी है और भाजपा यह सीट लगभग 2 लाख से अधिक मतों से जीतेगी।

### पचेड़ा में शांतिपूर्ण हुआ लोकसभा चुनाव

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत पचेड़ा में नए मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए मताधिकार का उपयोग किया। साथ ही गांव के बुजुर्ग एवं विकलांगों ने भी अपने मत उपयोग किया। इस दौरान मतदान करने अगरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत पचेड़ा, जितेंद्र टंडन उपसरपंच पचेड़ा, पुन्नालाल चक्रधारी सचिव ग्राम पंचायत पचेड़ा, मानिक लाल टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा, शत्रुहन साहू, सेवकराम साहू, शेख अलाउद्दीन, युसुब नारंग, दिलीप यादव, कुशी साहू, लक्ष्मी साहू, ऊनिता साहू, रामबत्ती साहू, कमला बघेल, ज्योति महानंद आदि मतदातागण उपस्थित थे।

चुनाव पर्व : सबसे अधिक मतदान गदहीडीह के बूथ क्रमांक 73 में हुआ

# फिंगेश्वर के 9 बूथों में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

लोकसभा चुनाव को लेकर नगर के 9 बूथों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। अलग अलग बूथों में वोट का प्रतिशत अलग अलग रहा। सबसे अधिक मतदान गदहीडीह के बूथ क्रमांक 73 में हुआ है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर 26 अप्रैल को नगर पंचायत फिगेश्वर के 9 बूथों में प्रातः 7 बजे मतदान का कार्य प्रारंभ हो गया। बूथों मे उपस्थित पीठासीन अधिकारियों ने एक के बाद एक मतदाताओं का पर्ची मिलान कर पहचान पत्र देखकर मतदान का कार्य संपन्न कराते रहे। प्रातः बूथों मे थोड़ी भीड़ रही उसके बाद कम हुई। वहीं पर धीरे धीरे करके लोग आते गये और मतदान करते गये। मतदान केन्द्रों मे दिव्यांग रथ के चलते दिव्यांग एवं बुर्जुगों ने वाहन में बैठकर बूथों तक पहुंचते रहे और अपने मताधिकार का प्रयोग करते रहे। बूथों के बाहर काग्रेस पार्टी एवं भाजपा के नेताओं ने लोगों को हाथ जोड़कर मतदान करने प्रेरित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बूथ क्रमांक 63 में 66.58 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 64 में 74.6 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 65 में 73 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 66 में 71.34 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 67 में 74.37 प्रतिशत, बूथ क्रमांक 68 में 72 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 69 में 73 प्रतिशत,बूथ क्रमांक 70 में 64 प्रतिशत एवं बूथ क्रमांक 73 में 88.6 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे अधिक मतदान गदहीडीह के मतदान केन्द्र में हुआ एवं सबसे कम बूथ क्रमांक 70 में हुआ। इस बार के चुनाव में भीषण गर्मी को लेकर मतदान केन्द्रों का नजारा इस प्रकार से था जैसे कुछ हो रहा है लेकिन नागरिको मे उत्साह की कमी रही। बूथों मे व्यवस्था को लेकर सीएमओ एस विश्वकर्मा निरंतर भ्रमण करते रहे। इसी प्रकार बूथों के बाहर भाजपा से भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित,अशोक राजपूत,रामूराम साहू,अशोक साहू, महावीर यादव,राकेश सिन्हा,पन्नालाल,संतोशी श्रीवास्तव,पार्शद मंजू हरित,उमा तांडेकर,ज्योति राजपूत,शांति कोसरे,लक्ष्मी श्रीवास्तव,भुनेश्वरी साहू,सरिता श्रीवास,पिंटू श्रीवास आदि शामिल थे। वहीं पर कांग्रेसी नेता के रूप में हरिशंकर श्रीवास्तव, अनिल चंद्राकर,सुनीता श्रीवास,करीम खान,राजेन्द्र सूर्यवंशी,टीकेश साहू,लक्ष्मण मांडले आदि नेता उपस्थित थे।

### आदर्श मतदान केंद्र में बांटे 200 पेड़

**छुरा।** नगर के आत्मानंद विद्यालय में आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था, जहां वन विभाग की थीम मेरी समृद्धि वनोपज के तहत मतदान केंद्र को सजाया गया था। वन विभाग की विभिन्न समितियां द्वारा जो वनोपज उत्पादन किया जाता है एवं





खरीदी किया जाता है उनके माध्यम से सजाया गया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी धीरेंद्र साहू ने बताया कि जिले के दो मतदान केंद्र का चयन किया गया था। जिसमें एक आदर्श मतदान केंद्र यहां रहा। यहां पर लगभग चार वर्ग के लोगों को मतदान में प्रोत्साहन के लिए लगभग 200 बेल एवं आंवला के पेड़ का वितरण किया गया है। जिसमें आदर्श मतदान केंद्र में सबसे पहले मतदान करने वाले को पेड़ प्रदान किया गया। युवा जो प्रथम बार मतदान किया एवं लड़कियां जो पहली बार मतदान की है एवं दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक जो जागरूकता के तहत मतदान केंद्र में पहुंचे, इन सभी का वन विभाग के द्वारा पेड़ प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही साथ मतदान केंद्र को महुआ ,चार, आम सरई सहित विभिन्न उत्पादकों से सजाया गया। मतदाताओं के सम्मान करने में तहसीलदार शतरूपा साहू,सीएमओ लाल सिंह मरकाम,डिप्टी डेंजर धनेश सिंहा, पटवारी झामन यादव समाजसेवी शीतल ध्रुव सहित विभिन्न लोग शामिल रहे।

## दूल्हों ने बारात प्रस्थान के पहले मतदान केंद्र पहुंचकर डाला वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत के वार्ड गदहिडीह बूथ क्रमांक 73 में 26 अप्रैल को शादी का सीजन होने के बाद भी लोकसभा चुनाव में अपने कीमती मतों की परवाह करते हुए दो सगे भाई मुरली साहू एवं चेतन साहू की बारात भिलाई आरंग तथा संजय नगर लालपुर जाने घर से रस्म रिवाज के साथ बिदाई हो चुकी थी। दोनों दूल्हों ने अपने मताधिकार का महत्व को ध्यान मे रखते हुए रास्ते में मतदान केन्द्र क्रमांक 73 में पहुंच कर मतदान किया। उसके पश्चात हीं दोनों आगे प्रस्थान किया।इस बूथ मे सबसे अधिक मतदान हुआ है। इस अवसर पर उक्त बूथ प्रभारी ओम प्रकाश बंछोर,फिंगेश्वर जोन प्रभारी जितेन्द्र सिंह



ठाकुर,जोन अध्यक्ष डोंगर सिंग मरकाम,जोन संयोजक बिसौहा हरित,अतुल श्रीवास्तव,अर्जुन साहू,कृष्णा ध्रुव,बिरजू ध्रुव सहित वार्ड के महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## संगवारी मतदान केन्द्र में मतदाताओं ने खूब किया मनोरंजन

**मैनपुर।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर कई संवारी और आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में संगवारी मतदान केन्द्र को काफी आकर्षक रुप से सजाया गया था। वन विभाग द्वारा वहां पूरा उदंती अभ्यारण्य का दृश्य को दर्शाया गया था। सुबह से जहां इस मतदान केन्द्र में सेल्फी जोन, तीरनदाजी, कायाकिंग, जिप्सी के साथ फोटोग्राफी कराने के साथ मतदाताओं के मनोरंजन के लिए घासफूंस की कुटिया, बांस के बर्तन, केन्द्र के बाहर, बाघ, भालू , तेन्दुआ के भेष में अभ्यारण्य के कर्मचारी घूमते नजर आए, जिससे लोगों का खूब मनोरंजन हुआ। यहां सिर्फ इसी मतदान केन्द्र के लोग नहीं बल्कि पूरे विकासखण्ड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग संगवारी मतदान केन्द्र की सजावट को देखने पहुंचे थे। यहां पहुंचने वाले लोग अपने आप को सेल्फी लेने से नहीं



रोक पा रहे थे। यहां तक कि वाहनों में आने जाने वाले राहगीर भी रूककर सेल्फी लेते नजर आए।

## रसेला क्षेत्र में भीषण गर्मी के बाद भी 80 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में लोकसभा चुनाव में मतदान करने सुबह से ही हर बूथ पर मतदाताओं का भीड़ रही। मतदातागण अपने अपने संबंधित केन्द्रों में उत्साह के साथ कतारबद्ध होकर अपनी बारी आने पर मतदान कर रहे थे। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। इससे महिला, युवा, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित सभी वर्ग के मतदाता उत्साहित होकर मतदान कर रहे थे। दिव्यागजनों के लिए दिव्यांगरथ की व्यवस्था की गई थी। जिससे दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र तक निशुल्क आवागमन की सुविधा मिल रहा था। विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग भी उत्साह के साथ अपने मत प्रयोग किया गया। क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत मतदान हुआ। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में भी ख़ासा उत्साह नजर आ रहा था। मतदान करने के लिए नवविवाहित जोड़े भी प्रेरित होकर मतदान करने पहुंचे। केन्द्रों में दिव्यांगजनो एवं बुजुर्गों की सहायता के लिए मतदाता मित्र की भी व्यवस्था किया गया था, जो आसानी से वोटिंग कराने में मदद कर रहे थे। मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर के साथ पानी, बैठक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। जिससे मतदाता सहर्ष अपने संबंधित मतदान केंद्र में पहुंचकर वोटिंग कर रहे थे। समय समय पर शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी हर मतदान केंद्र में पहुंचकर जायजा ले रहे थे।

## बिजली में मतदान करने पहुंचे बुजुर्ग और दिव्यांग, कहा-वोट देना अधिकार और कर्त्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआं। आज सुबह से छूईहा, कुण्डेल, बिजली, सिर्रीखुर्द, खुटेरी, बिजली,बोडकी में मतदाताओं की लंबी कतारें दिखीं। मतदान करने के लिए बुजुर्ग, युवा और दिव्यांग बहुत उत्साह दिखा रहे हैं। मतदाताओं के लिए कई सेल्फी केन्द्र बनाए गए थे। ग्राम बिजली की एक पोलिंग बूथ पर बुजुर्ग पुरूष मतदाता कलादान ने व्हीलचेयर से पहुंचकर मतदान करने के बाद कहा कि बुजुर्ग असहाय होने के बावजूद भी आज इतनी गर्मी में मतदान करने पहुंचा हूं। हम चाहते हैं की जो भी सरकार



बने वह बदलाव लाए । उन्होंने वोटिंग करने की अपील की। मतदान करना हमारा अधिकार और कर्तव्य है। इस मतदान में जनपद सभापति किर्ती निषाद , भाजपा जिलाउपाध्यक्ष मछुवारा संघ मोती निषाद,पर्व बैंक अध्यक्ष रेवा साहू, सरपंच पीलाचंद माण्डले,राजू सिन्हा, नंदू यादव,सासंद प्रतिनिधि लिखन निषाद ने मतदान किया।

# मुख्यमंत्री के समक्ष अभनपुर क्षेत्र के सात सौ कांग्रेसी भाजपा में हुए शामिल

पिपरौद में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में ली सभा



**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्रके सात सौ कांग्रेसी पिपरौद की सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने भाजपा में शामिल हो गए।शामिल होने वाले सभी कांग्रेसियों को मुख्यमंत्री ने कमल फूल का दुपटटा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसे बड़ी घटना के रूप में माना जा रहा है। शामिल होने वालों में कांग्रेस पार्टी के बड़े कददावर नेताओं का नाम है जिसमें नगरपालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता रतीराम साहू, नवापारा नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष, नवापारा परिक्षेत्र के संरक्षक मेघनाथ साहू, सहदेव कंसारी, युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कल्ला, ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य भेनु साहू, पूर्व सरपंच भुवन साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य डॉ उत्तम साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष गिरजा साहू, पूर्व जनपद सदस्य गैंदलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य डिगेश्वरी वर्मा, सहकारी समिति पोंड़ के पूर्व अध्यक्ष मिलेश वर्मा शामिल हैं। इनके अलावा ग्रामीण विकास समिति पोंड के अध्यक्ष संतोष मन्नाड़े, परसदा के उपसरपंच महेन्द्र वर्मा, पूर्व उपसरपंच रमेश वर्मा, गोठान समिति के अध्यक्ष टिकू यादव, पारसमणी साहू, टीला के उपसरपंच संतोष देवांगन, झाड़ूराम सहित नवापारा, खोल्हा, टीला, परसदा सहित दर्जनों गांव के करीब सात सौ लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। मंच संचालन संदीप शर्मा ने किया।

### विवाह घर में जाकर दुल्हन को मतदान करने किया प्रेरित

**महासमुंद।** मतदान के दिन मतदान करने वाले एवं दोनों पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ताओं को बहुत संघर्ष का सामना करना पड़ा। साथ ही मतदान वाले दिवस में शादियों का अंबार लगा हुआ है, जिससे मतदान प्रभावित होने की संभावना बनी हुई है। इतनी गर्मी के बावजूद भी कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी नहीं है, जिनके घरों पर शादी है, कार्यकर्ता वहां जाकर उनसे मतदान के लिए अनुरोध कर रहे हैं, ऐसा ही एक वाक्या महासमुंद शहर में देखने को मिला। मलेरिया ऑफिस वार्ड नंबर 29 बूथ क्रमांक 193 में अग्नू साहू की लड़की सरिता साहू की शुक्रवार को बारात आने वाली थी।

## तेज रफ्तार कार ने बालिका को कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बोड़की में वेदराम साहू की पोती मुक्ताश्री साहू 11 वर्ष को कार ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और विवेचना में मामले को लिया है। हादसे के बाद से माता- पिता, दादा-इधर मृतक की मां गहरी सदमे में आ गई है।

वेदराम साहू बोडकी ने घटना के संदर्भ में बताया कि उनका पुत्र लाकेश साहू राजिम बस स्टैंड के पास में साईक्छा नाम से च्वाइस सेंटर चलाता है । उनका पुत्र लाकेश साहू बहू टकेश्वरी साहू, बड़ी वाली पोती मुक्ताश्री साहू ,छोटी पोती तेजस साहू राजिम गौशाला के पास सड़क किनारे खड़े थे। उसी वक्त अनियंत्रित तेज रफ्तार महेन्द्रा कार क्रमांक सीजी 23 -9990 ने मुक्ताश्री को जोरदार टक्कर मारी और फरार हो गया। बालिका को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम ले जाया गया, डाक्टर ने स्वास्थ्य परीक्षण करने बाद मृत घोषित कर दिया गया। उक्त दुर्घटना 8 बजे रात की है। राजिम पुलिस 1 घंटा विलम्ब से पहुंची। रात होने के कारण पुलिस ने मृतका का



पोस्टमार्टम शुक्रवार को सुबह 10 बजे कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसआई प्रकाश नेताम ने कहा लाकेश साहू की पुत्री मुक्तश्री की राजिम में गुरुवार रात 8 बजे एक कार की टक्कर से मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। विवेचना में लिया गया है। कार चालक रामकुमार साहू सुरसाबांधा से पूछताछ की जा रही है।



## मतदान : युवती-महिलाओं में वोटिंग के लिए रहा गजब का उत्साह, शाम 5 बजे तक 72 फीसदी मतदान

# सुबह-सुबह मतदान केन्द्रों में रही भीड़, दोपहर में पसरा रहा सन्नाटा



श्यामकिशोर शर्मा ▶▶| राजिम

लोकसभा चुनाव में वोटिंग करने वाली युवती-महिलाओं में गजब का उत्साह देखा गया। सुबह से ही ये अपने घरेलू कामकाज को छोड़कर मतदान केंद्र पहुंच गई थीं। कई मतदान केंद्र तो ऐसे रहे जहां वोटिंग करने सुबह सवा 6 बजे ही मतदाता पहुंच गए थे। हालांकि उन्हें मालूम था कि 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी। लेट न हो जाए करके पहले से ही लाइन में खड़े हो गए। जैसे-जैसे घड़ी के कांटे ऊपर की ओर बढ़ता गया वैसे-वैसे लाइन की लंबाई भी बढ़ती चली गई। ये स्थिति राजिम नगर ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाके के मतदान केंद्रों में भी देखी गई। इस बार कई मतदान केंद्रों में मशीन के बंद हो जाने की बात सामने आई। राजिम के मतदान केंद्र क्रमांक 94 में कुछ देर के लिए खराबी आ गई थी जिसे सुधार लिया गया।









लफंदी मतदान केंद्र क्रमांक 181 में सुबह 7 बजे से मशीन ठीक काम कर रहा था परंतु 8:30 बजे अचानकर खराब हो गया जो 9 बजे तक नहीं सुधरा था। यह जानकारी पीठासीन अधिकारी पुरूषोत्तम ध्रुव ने दी। मशीन के खराब होने की जानकारी होने पर वोट डालने पहुंची तारिणी साहू और अन्य महिलाएं घर वापिस निकल गई। उसी समय हरिभूमि की टीम वहां पहुंची थी। पूछने पर कि वोट डाल लिए? महिलाओं ने बताया कि मशीन खराब हैं इसलिए वापिस जा रही हैं बाद में फिर आएंगे। संवाददाता ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल को 9 बजकर 07 मिनट में मशीन खराब होने की जानकारी मतदान केंद्र क्रमांक 181 से दी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने तत्परता दिखाते हुए मशीन को ठीक करने के लिए तत्काल निर्देश दिया। कमोवेश कई मतदान केंद्रों में मशीन खराब होने की जानकारी सामने आती रही जिसे ठीक कर लिया जाता रहा। बहरहाल कहीं भी किसी भी प्रकार से अप्रिय स्थिति की खबर नहीं हैं। राजिम एसडीएम अर्पिता पाठक ने इस संवाददाता से चर्चा करते हुए बताया कि शाम 5 बजे तक राजिम विधानसभा क्षेत्र में 72 फीसदी मतदान हो चुका था।







### शांतिपूर्ण हुआ मतदान

महासमुंद संसदीय क्षेत्र के राजिम विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान हुआ। बता दें कि शुरूआती दौर में सुबह-सुबह 11 बजे के पहले सभी मतदान केन्द्रों में भीड़ नजर आई। दोपहर से लेकर शाम 4 बजे तक अधिकांश मतदान केन्द्रों में सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश मतदान केन्द्रों में 3.30 बजे से 4.30 बजे तक न के बराबर भीड़ रही। अलबत्ता कई ऐसे भी मतदान केन्द्र रहे जहां सुबह से लेकर शाम तक वोट डालने के लिए मतदाताओं के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। यही हाल राजिम शहर का था। राजिम विधायक रोहित साहू इस दौरान सुबह से लेकर शाम तक ढेर सारे मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वोटिंग के प्रतिशत और जनता के रूख को जानने का प्रयास करते रहे। विधायक श्री साहू सुबह 7:30 बजे अपने पूरे परिवार के साथ पीपरछेड़ी मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया। सबसे पहले वे राजिम के सभी मतदान केंद्रो में पहुंचे। यहां से कोमा, बेलटुकरी, भैसातरा, कौंदकेरा, बहरापाल, बोरसी, फिंगेश्वर, जामगांव, रजकट्टी गुंडरदेही,बोरिद-सोरिद में ही उन्हें दोपहर 3 बजे गए। फिंगेश्वर के एक होटल में वे दोपहर का खाना खाए। उसके बाद फिर आगे बढ़ते चले गए। देर शाम राजिम लौटे। विधायक श्री साहू इस संवाददाता से चर्चा करते हुए कहा कि राजिम विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को शानदार लीड मिलेगी। बताया कि पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ है।







### कार्यकर्ताओं में भी रहा जमकर उत्साह

खास बात इस चुनाव में यह दिखी कि चुनाव प्रचार से लेकर मतदान के होते तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जरा भी उत्साह नहीं देखा गया जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं को काफी उमंग और उत्साह से काम करते हुए देखा गया है। जिस तरह से अभी 5 महीना पहले विधानसभा चुनाव में गांव-गांव में गजब का उत्साह और शानदार माहौल देखने को मिला था, वैसा लोकसभा के इस चुनाव में कुछ भी नहीं दिखा। यहां तक कि मतदान केन्द्रों से एक निर्धारित दूरी पर दोनों पार्टियों के पंडाल जरूर नजर आए। मगर पंडाल में मतदाताओं को इस बार न तो भजिया खाने को मिला और न ही चाय।








### झलकियां

- युवकों की अपेक्षा युवतियों को मतदान करने में खासा उत्साहित देखा गया।
- लफंदी में तारक परिवार में शादी की रस्म चल रहा थी, दूल्हे को मंडप में हरिद्रालेपन कराया जा रहा था। बताया कि सारी रस्म पूरी होने पर वोट डालने जाएंगे। उसके बाद बलोदाबाजार के पास टुआंटार बारात लेकर जाएंगे।
- सर्वाधिक भीड़ सुबह से ही बेलटुकरी गांव में दोनों मतदान केंद्र में देखने को मिली। कमोवेश ऐसी ही भीड़ राजिम देवी संपद स्कूल के केंद्र क्रमांक 100 एवं 101 में रही।
- लफंदी में बर झाड़ के नीचे दाढ़ी बना रहे जामुन साहू और मस्तराम तारक ने बताया कि वे मस्त क्लीन होकर वोट डालने जाएंगे। दाढ़ी बनाने वाले सतीष सेन और धनेंद्र सेन ने बताया कि सुबह 5 बजे से वे यहां पर कैंप लगाए हैं, अभी 9:30 बजे तक 75 लोगों की दाढ़ी बना चुके हैं।
- राजिम शहर में लोग वोटिंग करने ई रिक्शा में सवार होकर पहुंचते रहे।
- बांस का बर्तन बना रहे सुशीला कंडरा ने बताया कि वे साढ़े सात बजे वोट डालकर आ गई हैं,जबकि कुमार बंसोड़ और सावित्री बाई ने बताया कि उनका नाम चैतरा गांव में है वे वोट डालने किसमें जाएंगे,संसाधन नहीं है। कोई आ जाएगा ले जाने तो जरूर जाएंगे।
- राजिम के मतदान केंद्र क्रमांक 95 में सुबह-सुबह पहुंची नंदिनी पटेल,रितु निषाद,डिगेश्वरी पटेल,कीर्ति तारक ने बताया कि वे घरू काम झाड़ू पोंछा बर्तन मांजने के पहले ही वोटिंग करने आ गई है। वोट डालने के बाद वे अपने घर का काम निपटाएंगी।
- बेलटुकरी मतदान केंद्र में तेजराम साहू से मुलाकात हुई उन्होने बताया कि समूचे राजिम क्षेत्र में यह गांव ऐसा है जहां मतदाताओं में वोट डालने के लिए गजब का उत्साह रहता है। हर चुनाव में स्वस्फूर्त मतदान करने पहुंचते है। भीड़ सुबह से ही रहती है।
- शादी-ब्याह में फंसे अधिकतर लोग मतदान केन्द्र तक वोट डालने के नहीं पहुंच पाए।
- अनेकों गांव में दोनों पार्टियों के लोग मतदाताओं को निकालने में भी उस तरह की रूचि नहीं दिखाई जैसा कि हर चुनाव में दिखाते रहे हैं। इसका मुख्य कारण खर्च में कटौती किया जाना बताया है।
- मतदान केन्द्र के बाहर कई गांव में लोग यह भी कहने से नहीं चूके कि खाने-पीने को मिलता है तब लोगों की भीड़ जुटी रहती है। सूखा-सूखा में कहां से भीड़ दिखेगी?
- राजिम मतदान केंद्र क्रमांक 95 में बाकायदा बाहर में कूलर लगा हुआ था। सामने गुब्बारे से सजाया गया था।
- तीन ब्लॉक में समाहित इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों को मतदान के दौरान पूछा गया कि किसे वोट दिए? पर बताने को कोई तैयार नहीं। मतदान करने जा रहे अथवा मतदान करके लौट रहे मतदाताओं को पूछा गया कि किसे वोट दोगे? या कौन सा चुनाव चिन्ह में वोट डालकर आ रहे हो? इस पर मुस्कुराते हुए बिना जवाब दिए मतदाता आगे बढ़ते रहे। एक बात यहां साफ रहा कि कोई भी मतदाता अपने मन की बात को बताना नही चाह रहा था।
- विधानसभा क्षेत्र के गांव में भ्रमण के दौरान कांग्रेस, भाजपा को छोड़कर किसी दीगर पार्टी या निर्दलियों का पंडाल देखने में नहीं आया।
- मतदान के लिए आते, जाते युवतियों, महिलाओं से उनके मन की बात को टटोलने का लाख प्रयास किया गया मगर वे टस से मस नही हुए। साफ मना कर दिए कि नही बताएंगे।
- पंडालों की बात करें तो कुछेक गांव में भाजपा के पंडाल में भीड़ नजर आई तो कुछेक गांव के पंडालों में कांग्रेस की भीड़ दिखी।
- वोटिंग के एक दिन पहले कत्ल की रात कही जाने वाली बात अब इस क्षेत्र में नहीं रह गई है। दारू, मुर्गा, बकरा के किस्से भी सुनाई नहीं पड़ी और ना ही साड़ी और कंबल बांटने की बात सामने आई।
- ये चुनाव कुछ हटकर नजर आया है। चुनाव के दौरान कहीं भी अप्रिय घटना या अप्रिय स्थिति की खबर राजिम क्षेत्र में सुनाई नही पड़ी है। अधिकांश मतदान केन्द्रों में तो पुलिस बल भी नहीं दिखा।












